न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम आर.ए.एस

मुकदमा न0 राजस्व प्रकरण 366/2017

प्रार्थीगण :–

1. कुम्भाराम पुत्र उकारामजी
2. वगताराम पुत्र उकारामजी
3. नारायण पुत्र उकारामजी
4. तुलछाराम पुत्र जवारारामजी
5. खंगाराराम पुत्र जवारारामजी
6. मिरगो बेवा जवारारामजी
7. भगाराम गोदपुत्र अनारामजी
8. भीखाराम पुत्र मूलारामजी
9. जोईताराम पुत्र मूलाराम सभी जातियान चौधरी निवासी टापरा जिला बाडमेर

बनाम

विप्रार्थीगण :–

1. उदाराम पुत्र हरजीराम चौधरी
2. गौतम पुत्र नरसिंगाराम दिसांतरी
3. शान्तिलाल पुत्र नरसिंगाराम दिसांतरी
4. थानाराम पुत्र दौलाराम
5. प्रागाराम पुत्र प्रभूराम
6. सुराराम पुत्र प्रभूराम
7. हडमानाराम पुत्र पेमाराजी सभी जातियान चौधरी
8. ढेलकंवर पत्नि दलपतसिंह जाति राजपूत
9. डोली- बनाम. मंदिर (मठ) महादेव जरिये पूजारी/महन्त शम्भुवनजी
10. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान रा0भू रा0 अधि0
बाबत पत्थरगढी व नेखमबंदी करवाने हेतु

उपस्थित :– 1. श्री चेलाराम कुमावत

'आदेश'

दिनांक :– 20.12.2017

प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने खेत के पत्थरगढी हेतु निवेदन किया। प्रस्तुत प्रकरण मे संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र मे कथन किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी का खेत सरहद मौजा ग्राम टपारा पटवार क्षेत्र टापरा न0अ0नि0 जसोल तहसील पचपदरा जिला बाडमेर के प्रार्थी सं. 1 ता 3 के खसरा न0 1109/ 824 रकबा 5.15 बीघा, खसरा न0 1110/824 रकबा 5.12 बीघा तथा प्रार्थीगण सं 4 ता 6 के खातेदारी के खेत खसरा न0 1087/826 रकबा 11.07 बीघा है तथा खसरा न0 1088/826 रकबा 4.16 बीघा, खसरा न0 1108/870 रकबा 17.10 बीघा

सहायक कलेक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner

प्रार्थीगण सं0 7 ता 9 के खातेदारी भूमि आई हुई है। उपरोक्त बटटा न0 अनुसार राजस्व रेकर्ड में खसरों की अलग अलग तरमीम नक्शा लटठा ट्रेस में नहीं बतायी गयी है एव अभी तक राजस्व नक्शे में मूल खसरा न0 826, 870/824 दर्ज है जिस पर सभी खातेदारान एक ही है। विप्रार्थीगण सं. 1 ता 9 खेत की सीमाओं को लेकर हमेशा बरसात के समय में प्रार्थीगण के कब्जा काश्त में अक्सर सेढों को लेकर विवाद करते रहते है।

प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को लेकर विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण खातेदारी भूमि की सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगड्डी पैमाईश एवं नेखबंदी करवाना चाहते है।प्रार्थीगण ने पेमाईश एवं नेखबन्दी करने का निवेदन किया है। प्रार्थीगण की दरखास्त दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस दिनांक 21.06.2017 को तलब किया गया । विप्रार्थीगण संख्या 1 ता 9 सम्मन बाद तामिल के बावूजद अनुपस्थित अतः उक्त के विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई जाती है।

प्रार्थी वकील की एकपक्षीय बहस को सुना गया। प्रार्थीगण के वक्त काश्त प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमाओं को लेकर विवाद बना रहता है, इस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि की पैमाईश एवं नेख्मवंदी करवाना चाहते है। प्रार्थीगण राजस्व नक्शे में मूल खसरा न0 826, 870/824 मौजा टापरा के विवादित भूमि के खातेदारी काश्तकार राजस्व रेकार्ड में दर्ज होने के कारण प्रार्थीगण की दरखास्त स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगणकी दरखास्त स्वीकार की जाकर विवादित भूमि का पेमाईश एवं नेख्मबदी करने हेतु भूमापक भू0निरीक्षक जसोल को नियुक्त किया जाता है। भूमापक कर्ता को निर्देश दिये जाते है कि यदि किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं हो तो तो दोनो पक्षों के रूबरू किसी मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पेमाईश करे व भूमापककर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है । भूमि की मौके की स्थिति मे परिवर्तन किये बिना नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करे वक्त पेमाईश हल्का पटवारी को साथ रखे। तहरीर जारी हों भू–मापक आयुक्त का खर्चा प्रार्थी नियमानुसार अदा करे।

आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।
पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(भागीरथ राम)
सहायक कलक्टर,
(उ.ख.अ.), बालोतरा

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

# न्यायालय सहायक कलक्टर (एस डी ओ) बालोतरा

क्रमांक / राज / वाद / 18 70 दिनांक : 5-2-18

मुकदमा नम्बर – 366 / 2017

प्रेषित :– भू अभिलेख निरीक्षक, जसोल

**प्रार्थीगण**

1. कुम्भाराम पुत्र उकारामजी
2. वगताराम पुत्र उकारामजी
3. नारायण पुत्र उकारामजी
4. तुलसाराम पुत्र जवारारामजी
5. खंगाराराम पुत्र जवारारामजी
6. मिरगो बेवा जवारारामजी
7. भगाराम गोद पुत्र अनारामजी
8. भीखाराम पुत्र मूलारामजी
9. जोईताराम पुत्र मूलारामजी

जातियान चौधरी निवासी टापरा

**विप्रार्थीगण**

1. उदाराम पुत्र हरजीरामजी चौधरी
2. गौतम पुत्र नरसींगाराम जाति दिशान्तरी
3. शान्तीलाल पुत्र नरसींगाराम दिशान्तरी
4. थानाराम पुत्र दौलारामजी जाति चौधरी
5. प्रागाराम पुत्र प्रभूरामजी जाति चौधरी
6. सुराराम पुत्र प्रभूरामजी जाति चौधरी
7. हडमानाराम पुत्र पेमारामजी चौधरी
8. ढेलकंवर पत्नी दलपतसिंह जाति राजपूत
9. डोली बनाम मंदिर (मठ) महादेव जरीये पूजारी / महन्त शम्भुवन जी
10. राजस्थान राज्य जरीये तहसीलदार पचपदरा जिला बाड़मेर

---

R L R ACT 111, 128

********

उपरोक्त अनवान मुकदमा में आपको मौजा सरहद ग्राम टापरा पटवार हल्का जसोल तहसील पचपदरा के मूल खसरा नम्बर 826, 870 / 824 भूमि की पैमाईश जरीये पत्थरगढी कर सीमाज्ञान करने हेतु भू मापक आयुक्त नियुक्त किया जाता हैं, उक्त विवादित भूमि की पैमाईश आप अपने स्तर पर टीम गठित कर दोनो पक्षो के रूबरू, न्यायालय से स्थगन आदेश न हो तो विवादित भूमि की मौके की स्थिति में परिर्वतन किये बिना पैमाईश कर नेखमबन्दी कर पालना रिर्पोट पेश करे।

सहायक कलक्टर (एस डी ओ)
(S.D.O.) बालोतरा

क्रमांक / राज / वाद / 18 / दिनांक :

प्रतिलिपि –

1- तहसीलदार, पचपदरा को पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

2- पटवारी हल्का टापरा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

सहायक कलेक्टर
सहायक कलक्टर (एस डी ओ)
(S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner